दिनांक : 10.12.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

ऽ बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास के लिए विशेष पैकेज मंजूर। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में खजुराहो में हुई बैठक में लिये गए कई अहम फैसले।

ऽ सरकार ने इंडिगो एयर लाइंस को शीतकालीन उड़ान परिचालन में 10 प्रतिशत कमी करने का निर्देश दिया।

ऽ राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस आज। राष्ट्रपति दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन को करेंगी संबोधित।

और

ऽ प्रदेश में सर्दी का दौर जारी। कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट।

कैबिनेट-खजुराहो

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल खजुराहो में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में बुंदेलखंड के विकास पर विशेष फोकस रखा गया। बैठक में औद्योगिक विकास, रोजगार, सड़क, स्वास्थ्य और सिंचाई से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए। कैबिनेट ने सागर जिले में मसवासी ग्रंट औद्योगिक क्षेत्र के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज मंजूर किया है। मीडिया से चर्चा करते हुए श्री यादव ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास के लिए हम लगातार प्रयास कर रहें हैं ..

इसके साथ हि मंत्रि-परिषद ने सागर से दमोह के बीच 76 किलोमीटर लंबे फोरलेन सड़क मार्ग के निर्माण के लिए 2 हजार 59 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। वहीं दमोह, छतरपुर और बुधनी मेडिकल कॉलेजों के संचालन के लिए 990 नियमित और 615 आउटसोर्स पद स्वीकृत किए गए हैं। मंत्रिपरिषद ने नौरादेही अभयारण्य को चीतों के तीसरे रहवास के रूप में विकसित करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी है।

बाइट - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मंत्रि-परिषद समिति-बैठक

राज्य में निवेश संवर्धन और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खजुराहो में कल निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद समिति की अहम बैठक ली। बैठक में 5 औद्योगिक इकाइयों के निवेश प्रकरणों को मंजूरी दी गई। साथ ही प्रदेश के जिलों में प्रस्तावित औद्योगिक परियोजनाओं को दी जाने वाली वित्तीय सुविधाओं के संबंध में अहम निर्णय लिए गए। बैठक में पन्ना जिले में 2600 करोड़ रुपये प्रोजेक्ट पर काम कर रही जेके सीमेंट कंपनी के विशेष प्रकरण पर चर्चा हुई। यह कंपनी 6 हजार से अधिक लोगों को रोजगार भी दे रही है।

तानसेन समारोह

विश्व संगीत समागम तानसेन समारोह के पूर्वरंग की सुगंधमयी संध्या कल दतिया स्थित अवध बिहारी मंदिर परिसर में सजी। यह संध्या तब और दिव्य हो उठी, जब दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती के माल्यार्पण के साथ रागों की पावन साधना ने मंदिर प्रांगण को सुरमय बना दिया। वातावरण में उठती धूप की महक, दीपों की आभा और श्रोताओं की शांत व्यग्रता ने सब मिलकर ऐसे दृश्य रचे मानो स्वयं मां वीणा वादिनी इस संगम को आशीष दे रही हों। यह पूर्वरंग सभा सुर सम्राट तानसेन के अलौकिक राग-रंग से गूँज उठी। इस सभा के प्रथम कलाकार के रूप में इंदौर के सुप्रसिद्ध वायलिन वादक पं. बृजमोहन बमरेले ने अपने नयनाभिराम वादन से ऐसा जादू जगाया कि श्रोता सुरदृसरिता में अवगाहित हो गए।

राष्ट्रपति मानवाधिकार दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इसका आयोजन किया है। 1948 में आज के ही दिन मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा स्वीकृत की गई थी। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम है - सबके लिए आवश्यक जनसेवाओं की गरिमापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करना। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग इस विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधान सचिव डॉ पी.के.मिश्रा मुख्य भाषण देंगे।

डीजीसीए इंडिगो निर्देश

नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइंस को अपने शीतकालीन उड़ान परिचालन में दस प्रतिशत कमी करने का निर्देश दिया है और आज शाम पांच बजे तक संशोधित उड़ान कार्यक्रम देने को कहा है। इंडिगो की उड़ान सेवाओं में व्यवधान और समस्या हल कर पाने में उसकी विफलता को इस कटौती का कारण बताया गया। महानिदेशालय ने एक नोटिस में कहा इंडिगो को इस वर्ष नवम्बर में 64 हजार तीन सौ 46 उड़ानों की अनुमति मिली थी लेकिन उसने सिर्फ 59 हजार चार सौ 38 उड़ानों का संचालन किया और नौ सौ 51 उड़ानें रद्द की। छह प्रतिशत वृद्धि के साथ चार सौ तीन विमानों की अनुमति के बावजूद इंडिगो ने नवम्बर में केवल तीन सौ 44 विमानों का परिचालन किया।

वैष्णव-इंटेल

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से कल अमरीकी प्रौद्योगिकी कंपनी और दुनिया की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर निर्माता कंपनियों में से एक इंटेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लिप-बू टैन ने मुलाकात की। श्री वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट

में कहा कि इंटेल भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा का हिस्सा बनने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इंटेल ने देश के सिलिकॉन और कम्प्यूट परितंत्र में सहयोग के लिए भारत की टाटा कंपनी के साथ अहम गठबंधन किया है।

एसआईआर

खंडवा जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य अब अंतिम चरण में पहुँच गया है। आईआर के प्रथम चरण के तहत प्राप्त सभी फार्म्स को जिले के प्रशासन द्वारा डिजिटाइज्ड कर दिया गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि ...

बाइट-कलेक्टर, खंडवा

मौसम

प्रदेश में बर्फीली हवाओं के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों से आ रही सर्द हवाओं ने पूरे प्रदेश को शीतलहर की चपेट में ले लिया है। भोपाल, इंदौर सहित 25 शहरों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान शहडोल के कल्याणपुर में 4.7 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक कई जिलों में कोल्ड वेव यानी शीतलहर का असर बना रहेगा। भोपाल, इंदौर, राजगढ़, विदिशा, सीहोर, शाजापुर, जबलपुर, सिवनी और शहडोल जिलों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि नरसिंहपुर में कोल्ड डे की चेतावनी दी गई है।

सिंधिया - हॉकी

84वीं अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एस.सी. आर. सिकंदराबाद ने सी.टी.सी. मुम्बई को 5-1 से हराकर फाइनल में स्थान बनाया। दूसरे रोमांचक सेमीफाइनल मैच में एवं एन.सी.आर. प्रयागराज ने आर.सी.एफ. कपूरथला को पेनल्टी शूट आउट में 4-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बुधवार 10 दिसंबर को खेला जायेगा।

महिला हॉकी

भारत ने एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्वकप में कल नौंवे से 12वें स्थान के लिए खेले गये मैच में उरुग्वे को पैनल्टी शूटआउट में 3-1 से हरा दिया। निर्धारित समय तक मैच 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद फैसला शूटआउट से हुआ।

निर्धारित समय में भारत के लिए एकमात्र गोल मनीषा ने किया। उरुग्वे की जस्टिना अरेगुई ने गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद शूटआउट में पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका ने तीन गोल पक्के किये जबकि उरुग्वे की जियो ऑग्स्टीना ने एक गोल किया। गोलकीपर निधि ने शानदार कौशल का परिचय देते हुए उरुग्वे के तीन गोल रोके। कल नौंवे स्थान के लिए भारत का सामना स्पेन से होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इन्दौर में चार दिवसीय रणजीत अष्टमी महोत्सव का आयोजन प्रारंभ हुआ। महोत्सव का शुभारंभ कलेक्टर शिवम वर्मा ने ध्वजा पूजन के साथ किया। इस महोत्सव के दौरान अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- झाबुआ में हाल ही में वन स्टॉप सेंटर परिसर में मेरा भारत के स्वयंसेवकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और लिंग आधारित हिंसा रोकथाम अभियान के तहत हुआ।
- रायसेन जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बेगमगंज स्थित जनपद पंचायत प्रांगण में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया गया।
- कटनी में केंद्र सरकार संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, निर्माण एवं विकास कार्यों का लाभ ग्रामीणों को शीघ्रता के साथ समय पर मिले, इसके लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए गये है।
- बुरहानपुर कलेक्टर अध्यक्षता में हुई डीएलसीसी की तिमाही बैठक में बैंकों में लंबित शासकीय योजनाओं के ऋण प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर दिया गया।
- बैतूल में मकर संक्रांति पर्व को लेकर जिले में चायना डोर के बढ़ते खतरे को देखते हुए कलेक्टर ने सम्पूर्ण जिले में नायलॉन, चायना डोर के निर्माण, खरीददृफरोख्त, उपयोग और भंडारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

-------